**भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय,**
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल – 17
:□□**Phone** 2661263, **Fax**: 2661263 **Website**:bsgmp.net **E_mail**:bsgmadhypradesh@gmail.com

क्र0/ 111 /रा0मु0/गति./2016 भोपाल, दिनाक 5 / 4/2016

प्रति,

1 जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास
पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड)
जिला ..........................................................................(म0प्र0) ।

2 सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
संभागीय कार्यालय ...................................................(म0प्र0) ।

विषय : **माँ तुझे प्रणाम योजना के संबंध में ।**

सन्दर्भ : संचालक, खेल और युवा कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश राज्य खेल परिसर टीटीनगर भोपाल का पत्र क्र0/3229 दिनांक 22/3/2016

–0–

उपरोक्त सन्दर्भ एवं विषयान्तर्गत मध्यप्रदेश शासन की योजना अनुसार युवाओं को भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से अवगत कराने, राष्ट्र की सीमा एवं सशक्त सेवा दल के प्रति आदर व समर्पण भाव विकसित करने के उद्देश्य से खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का भ्रमण कर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराया जा रहा है ।

उक्त यात्रा दल में प्रत्येक विकास खण्ड से एक एनसीसी, एक एनएसएस, एक खिलाड़ी, एक स्काउट/मेघावी छात्र इस प्रकार 5 युवक व 5 युवतियाँ प्रत्येक विकास खण्ड से चयनित किये जावेगें। अतः अपने अधिनस्थ प्रत्येक विकास खण्ड से निम्न पात्रता रखने वाले एक–एक स्काउट/गाइड या रोवर/रेंजर का चयन करें ।

पात्रता :–1. पंजीकृत दल के स्काउट/गाइड या रोवर/रेंजर हो ।
2. राष्ट्रपति व राज्य पुरस्कार को प्राथमिकता देवें अथवा राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लिया हो ।
3. यदि उक्त योग्यताधारी न हो तो द्वितीय सोपान बैज प्राप्त किया हो ।
4. प्रतिभागियों की उम्र कम से कम 15 एवं अधिकतम 25 वर्ष की हो ।

अतः संलग्न आवेदन फार्म की पूर्ति कराकर दिनांक 25 अप्रेल 2016 तक अनिवार्यतः जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जिला कलेक्टर कार्यालय में जमा करावें एवं प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करें । विस्तृत जानकारी हेतु सन्दर्भित पत्र एवं आवेदन फार्म संलग्न प्रेषित है । तत्काल कार्यवाही कर इस कार्यालय को भी अवगत करावें ।

संलग्न– उपरोक्तानुसार ।

5/4/2016
राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ.क्र./ 112 /रा0मु0/गति./2016 भोपाल, दिनाक 5 /4/ 2016

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल ।
2. संचालक, खेल और युवा कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश राज्य खेल परिसर भोपाल ।
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग .......................................................(म0प्र0) ।
4. संभा0उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास ..........................(म0प्र0) ।
5. जिला सचिव/संगठक/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड)/प्रशिक्षकगण मध्यप्रदेश ।

5/4/2016
राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

**उपेन्द्र जैन** (भा.पु.से.)
... पुलिस महानिदेशक
संचालक
खेल और युवा कल्याण (म.प्र.)

खेल और युवा कल्याण संचालनालय, (म.प्र.)
राज्य खेल परिसर, टी.टी. नगर, भोपाल-0
फोन : 0755-277301
ई मेल : director@dsywmp.gov.in
वेबसाइट : www.dsywmp.gov.in

पत्र क्र. 3229
दिनांक 22.03.2016

1. समस्त जिला कलेक्टर, मध्यप्रदेश
2. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, मध्यप्रदेश
3. समस्त जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, मध्यप्रदेश।

विषय :– माँ तुझे प्रणाम योजना के संबंध में।

-----00-----

राष्ट्रवाद की भावना से ओत प्रोत "माँ तुझे प्रणाम" योजना म.प्र. शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र की सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना, साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पण, नेतृत्व विकास पर मार्गदर्शन दिया जाना है। योजना के प्रमुख बिन्दू निम्नानुसार है –

- योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर 10 युवाओं (05 युवक एवं 05 युवतियों) का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं में से किसी एक स्थल की अनुभव यात्रा के लिये किया जावेगा।
- विकासखण्ड स्तर पर चयन में 01 एन.सी.सी., 01 एन.एस.एस., 01 खिलाड़ी, 01 मेधावी छात्र, 01 स्काउट/सामाजिक कार्यकर्ता/सांस्कृतिक क्षेत्र एवं इसी मान से युवतियाँ, **जिनकी आयु 15 से 25 वर्ष तक की हो**, का चयन किया जावे। चयन के मापदण्ड परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।
- जिला स्तारीय चयन समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर एवं अन्य सदस्य– जिला पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट–गाइड, चिन्हित महाविद्यालय के जिला प्रभारी एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।
- ब्लॉक स्तर पर युवाओं का चयन आवेदन पत्र प्राप्त कर लॉटरी के माध्यम से किया जावेगा।
- अनुभव यात्रा के चयन के लिये युवाओं से जिला स्तर पर विधिवत् संलग्न निर्धारित प्रपत्र अनुसार आवेदन पत्र व फिटनेस सर्टिफिकेट/चिकित्सा, जोखिम एवं संबंधित थाने से चरित्र प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जावेगा।
- 72 युवाओं के 01 समूह को 01 स्थल पर ही भेजा जावेगा। एक युवा एक ही स्थान पर जा सकेगा।
- विकासखण्ड स्तर से जिला स्तर तक युवाओं के चयन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 16.04.2016 तक आमंत्रित करना।
- जिला स्तर पर चयनित युवाओं की सूची समस्त प्रमाण–पत्रों सहित ई–मेल के माध्यम से दिनाक 22.04.2016 तक अनिवार्यतः संचालनालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- जिला– मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, खण्डवा, बुरहानपुर, छतरपुर, टीकमगढ़, धार, अनूपपुर, डिण्डौरी, उमरिया, रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, खरगौन, बड़वानी में पूर्व में चयनित युवकों को चयनित माना जाये एवं रिक्त स्थान के लिये ही चयन किया जाये।
- जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म परीक्षण किया जावे एवं अपूर्ण आवेदनों को संचालनालय न भेजा जावे।
- **पूर्व में अनुभव यात्रा पर भेजे गये युवाओं का चयन न किया जावे।**
- योजना के आवेदन विभागीय वेबसाइट mis.dsywmp.gov.in/MTP पर किया जा सकता हैं।
- आवेदन पत्र के साथ युवाओं के बैंक खाते की जानकारी (पासबुक की फोटो कॉपी, अकाउण्ट नंबर, आई.एफ.एस.सी. कोड) अनिवार्य रूप से ली जावे।

चयन कार्यक्रम निम्नानुसार हैं :–

| क्र. | दिनांक | की जाने वाली कार्यवाही | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 15.04.2016 | जिला स्तर पर युवाओं के आवेदन पत्र आमंत्रित करना | कार्यवाही जिला स्तर पर |
| 2 | 13 20.04.2016 | जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा लॉटरी के माध्यम से युवाओं का चयन | |
| 3. | 21.04.2016 | चयनित युवाओं की ऑन लाईन एन्ट्री जिला स्तर पर करना | |
| 4 | 22.04.2016 | जिला स्तर पर चयनित युवाओं के आवेदनों का मेल संचालनालय को फारवर्ड करना | |

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(उपेन्द्र जैन)
संचालक
खेल एवं युवा कल्याण, मध्यप्रदेश

[illegible] /खे.यु.क./मा.तु.प्र./2016
भोपाल, दिनांक 22/03/2016

प्रतिलिपि :–
1. सचिव, म.प्र. शासन, खेल और युवा कल्याण विभाग
2. समस्त संभागीय आयुक्त, म.प्र.
3. आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
5. राज्य सचिव, स्काउट एण्ड गाइड, मध्यप्रदेश
6. अपर महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.), मध्यप्रदेश
7. क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.एस., मध्यप्रदेश
8. क्षेत्रीय निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र मध्यप्रदेश
9. श्री विकास खराडकर, प्रभारी आई.टी. शाखा

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक,
खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश

प्रपत्र "क"

क्रमांक ..........................

## आवेदन पत्र

## "माँ तुझे प्रणाम"

आवेदक का पूरा नाम : ..........................................................................

पिता / पति का नाम : ..........................................................................

जन्मतिथि एवं उम्र : ..........................................................................

स्थायी पता : ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

श्रेणी सामान्य / अनु.जाति / अनु.जनजाति / पिछड़ा वर्ग : ........................................

ब्लड ग्रुप : .....................................................

फोन नंबर ............................................ मोबाईल नंबर ............................................

शैक्षणिक योग्यता ..........................................................................................

अन्य योग्यता ..........................................................................................
(खेल / एन.एस.एस. / एन.सी.सी. / मेधावी / स्काउट / सामाजिक कार्यकर्ता / सांस्कृति क्षेत्र)

बैंक खाता क्र. ....................................., बैंक का नाम ..........................................................
आई.एफ.एस.सी. कोड ........................................ (पास बुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें)

(हस्ताक्षर आवेदक)

नाम .........................

नाबालिग होने की स्थिति में माता / पिता का सहमति पत्र

## शपथ –पत्र

मैं ..........................................................पिता श्री ..........................................................

के पुत्र / पुत्री ..................................................को ...............................................जाने की अनुमति प्रदान करता / करती हूँ। भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा में एक्सपोजर विजिट पर मेरे पुत्र / पुत्री के साथ हुई किसी भी घटना / दुघर्टना के लिये मध्यप्रदेश शासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

(हस्ताक्षर पालक)

नाम .........................